# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

**दिनांक 22.05.2024** **समय 18.30**

- **प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से जनजीवन पर व्यापक असर–ज्यादातर जिलों के लिए अगले तीन दिन लू का रेड अलर्ट**

- **प्रचंड गर्मी और लू को देखते हुए संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टरों और उपखण्ड अधिकारियों के अवकाश निरस्त–अधिकारियों को मुख्यालय पर रहने के निर्देश।**

- **चुनाव आयोग ने राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी चयन बोर्ड को सात भर्ती परीक्षाओं के परिणाम जारी करने की अनुमति दी।**

- **राज्य के विभिन्न वन्यजीव अभ्यारण्यों में कल वाटर हॉल पद्धति से वन्यजीव गणना की जायेगी।**

00000

प्रदेश के ज्यादातर हिस्से आज भी भीषण गर्मी और लू की चपेट में रहे। राज्य के अधिकतर स्थानों पर दिन का पारा 45 डिग्री से उपर मापा गया। रात का तापमान भी कुछ स्थानों पर 30 से उपर रिकॉर्ड किया गया। पूरे राज्य में दिन और रात का तापमान सामान्य से पांच से आठ डिग्री ऊपर दर्ज हो रहा है। प्रदेश में गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टरों, अतिरिक्त जिला कलेक्टर और उपखंड अधिकारियों के अवकाश और मुख्यालय छोड़ने की अनुमति को निरस्त कर दिया है। कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि ये अधिकारी विशेष परिस्थितियों में कार्मिक विभाग की अनुमति से ही मुख्यालय छोड़ सकते हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण न केवल इंसान बल्कि पशु–पक्षी भी बेहाल हैं।

.......

सरहदी जिलों में भी भीषण गर्मी पड़ रही है। जैसलमेर में आमजन को गर्मी से राहत देने के लिए नगर परिषद की ओर से विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। शहर में सोनार दुर्ग समेत विभिन्न स्थानों पर टैंट लगाये गये हैं। बाडमेर में भी प्रचंड गर्मी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है।

......

राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में भी गर्मी के तेवर तीखे हैं। हमारे सवाई माधोपुर संवाददाता ने बताया कि लू और तपिश के कारण इंसानों के साथ–साथ पशु–पक्षियों की दिनचर्या भी प्रभावित हुई है।

.......

मौसम विभाग द्वारा अब से कुछ देर पहले जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार बाड़मेर में आज सबसे ज्यादा 48 डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इसी तरह फलौदी में 47 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस, चूरू में 47 दशमलव 4, जैसलमेर में 47 दशमलव 2 और पिलानी में अधिकतम तापमान 46 डिग्री से ऊपर पंहुच गया।

मौसम केंद्र जयपुर ने अगले तीन दिन में प्रदेश के विभिन्न जिलों में तापमान में और बढोतरी का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आने वाले तीन दिनों में कुछ स्थानों पर तापमान के 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

0000

चुनाव आयोग ने राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी चयन बोर्ड को सात भर्ती परीक्षाओं के परिणाम जारी करने की अनुमति दे दी है। आयोग की अनुमति से बोर्ड की इन 7 भर्तियों के परिणाम जारी होने की राह खुल गयी है। इन भर्तियों में सूचना सहायक, एएनएम, जीएनएम, कृषि पर्यवेक्षक, कनिष्ठ लेखाकार और तहसील राजस्व संगणक तथा सीएचओ की भर्तियां शामिल हैं। 17 हजार से ज्यादा पदों के लिए होने वाली इन भर्तियों के लिये सात लाख से ज्यादा परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था और परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। अब इन भर्तियों के परिणाम इस माह के अंत तक जारी होने की संभावना है। बेरोजगार अभ्यर्थी राजस्थान में मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद से ही परिणाम जारी करने की मांग कर रहे थे। राज्य सरकार ने चुनाव आयोग से अनुमति मांगी थी, जिस पर आयोग की ओर से कल इसकी अनुमति दे दी गयी।

00000

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिये चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। इस चरण के लिये उम्मीदवारों के पास बस कल का दिन प्रचार के वास्ते शेष है। इस बीच लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए भी प्रचार तेज हो गया है। राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता जनसभाएं और रोड शो कर रहे हैं। सातवें और अंतिम चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के नौ सौ चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। इस चरण के लिए पहली जून को मतदान होगा। चुनाव के इस आखिरी चरण में उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13–13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार

की आठ, ओडिसा की छह, हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ की एक सीट पर वोट डाले जाएंगे। मतगणना चार जून को होगी।

00000

निर्वाचन आयोग ने भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निर्देश दिए हैं कि वे पार्टी के प्रमुख प्रचारकों को ऐसे कोई भी बयान जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हो उससे बचने के लिए औपचारिक नोट जारी करें। दोनों पार्टी अध्यक्षों को जारी किए गए पत्र में, आयोग ने कहा कि किसी भी पार्टी या उम्मीदवार को ऐसा भाषण नहीं देना चाहिए जिससे समाज में मतभेद पैदा हो और सांप्रदायिकता बढ़े। आयोग ने कांग्रेस के प्रमुख प्रचारकों को अपने प्रचार में सेना के नाम का इस्तेमाल नहीं करने के लिए कहा है। आयोग ने श्री खरगे को यह भी कहा है कि वे अपने प्रमुख प्रचारकों को ऐसे भाषण देने के लिए रोके जिनमें ये कहा जा रहा है कि भारत का संविधान खत्म कर दिया जाएगा। आयोग ने प्रचारकों और उम्मीदवारों को चुनाव अवधि के दौरान शिष्टाचार बनाए रखने का निर्देश दिया है। चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए अनुचित बयानों के मामले में दोनों दलों द्वारा दायर शिकायतों के जवाब में ये निर्देश जारी किए गए हैं।

0000000

राज्य के विभिन्न वन्यजीव अभ्यारण्यों में कल वॉटर होल पद्धति से वन्यजीव गणना की जाएगी। यह गणना सीतामाता सेंचुरी, बस्सी सेंचुरी, टेरीटोरियल एरिया और मृग वन में की जाएगी। इसके लिए अभ्यारण्यों में करीब 177 वॉटर होल और आस पास मचान भी बनाए गए हैं। वन्यजीव गणना कल सुबह 8 बजे से शुरू होकर अगले दिन सुबह 8 बजे तक होगी। इसके लिए ट्रैप कैमरा भी लगाए गए हैं । बस्सी सेंचुरी और सीतामाता सेंचुरी में उपवन संरक्षक वन्य जीव सोनल जोरीहार के नेतृत्व में तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस बार वन्यजीव प्रेमी, संस्था और विद्यार्थी भी वन्यजीव गणना को करीब से देख सकेंगे। सरहदी जिले जैसलमेर के मरू उद्यान में भी वन्यजीवों की गणना के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई है। वन्य जीवों की गणना के लिए डीएनपी क्षेत्र में 44 वाटर प्वॉइंट बनाए गए हैं।

0000

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम हुए। सवाईमाधोपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को प्राधिकरण अध्यक्ष जिला और सेशन न्यायाधीश अतुल कुमार सक्सेना ने जिला न्यायालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए पावरपॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। इस मौके पर भरतपुर के एमएसजे कॉलेज की वनस्पति विज्ञान शाखा की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संदेश देते हुए कॉलेज परिसर में पौधारोपण भी किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओ ने पेड़ों की अवैध रूप से हो रही कटाई को प्रकृति के असंतुलन के लिये जिम्मेदार ठहराते हुए प्रकृति को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर दिया।

0000

जयपुर के आमेर स्थित हाथी गांव में हाथियों की सेहत की जांच के लिए दो दिन के मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया है। डॉक्टर्स की टीम ने हाथियों के ब्लड समेत अन्य सैंपल लिए है। हाथियों के विभिन्न सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे जाएंगे। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद हाथियों को फिट और अनफिट का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। वरिष्ठ वन्यजीव पशु चिकित्सक डॉक्टर अरविंद माथुर, डॉक्टर अशोक तंवर और डॉक्टर नीरज शुक्ला के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने हाथियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉक्टर माथुर ने बताया कि वन विभाग की ओर से साल में दो बार हाथियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। इसके साथ ही हाथी महावतों और हाथी पालकों को हाथियों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर जागरूक भी किया जा रहा है।

0000

कोटा की सभागीय आयुक्त उर्मिला राजौरिया ने आज बूंदी जिले के लाखेरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए चिकित्सा प्रभारी को निर्देश दिए। बाद में संभागीय आयुक्त ने लबान में मनरेगा कार्य स्थल पर कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने कार्य स्थल पर श्रमिकों के लिए पेयजल दवाईयों की उपलब्धता रखने के निर्देश दिए। इससे पहले कल संभागीय आयुक्त ने लाखेरी में ही रात्रि विश्राम किया। इसी तरह जोधपुर सम्भागीय आयुक्त बी एल मेहरा ने आज जैसलमेर के सबसे बड़े राजकीय जवाहर चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मुफ्त दवा केंद्रों, वार्डो तथा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उधर पाली के जिला कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री ने सांडेराव राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। साथ ही तापघात, बुखार, एनीमिया सहित कई बीमारियों के मरीजो से बात की। कोटपूतली बहरोड़ की जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने नीमराना की ग्राम पंचायत जोनायचा खुर्द में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों के अभाव अभियोग सुने। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या समाधान के निर्देश दिए। भीलवाड़ा जिला कलेक्टर नमित मेहता ने गुलाबपुरा उपखंड मुख्यालय और हुरडा गांव में निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने पेयजल की समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

0000

जोधपुर—जैसलमेर सीमा के पास डेडिया गांव में हौद में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे अपने ननिहाल छुट्टियों में गये हुए थे। वहीं, ट्यूबवेल पर बने हौद में नहाते वक्त पैर फिसलने से ये हादसा हुआ। परिजनों ने पता चलने पर हौद से दोनों बच्चों को बाहर निकालकर पोकरण जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

0000

कल बुद्ध पूर्णिमा है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी हैं। श्री मिश्र ने कहा कि बुद्ध का अर्थ ही जागृत है। उन्होंने भगवान बुद्ध को स्मरण करते हुए उनकी ज्ञान, नैतिक चरित्र और एकाग्रता के विकास की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। श्री मिश्र ने कहा कि भगवान बुद्ध प्राणिमात्र के कल्याण और करूणा से जुड़े हैं। बुद्ध पूर्णिमा मानव कल्याण के उनके मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र और समाजोत्थान के लिए कार्य करने का संदेश देती है।

00000